## महत्वपूर्ण एवं खास

### आईईडी की चपेट मे आने से दो जवान घायल

**बीजापुर (आरएनएस)।** माओवादियों के लगाए ढ्ढश्वष्ठ की चपेट में आकर दो जवान हुए जख्मी. एंटी नक्सल ऑपरेशन पर निकले थे जवान. प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से एसटीएफ के जवान हुए जख्मी, घायल दोनों जवान खतरे से बाहर। घायलों को लेकर कैंप पहुंचने वाले हैं जवान। गंगालूर थानाक्षेत्र के पीडिया के जंगलों का मामला। एसपी जितेंद्र यादव ने की घटना की पुष्टि।

### रेल असुविधा को हटाकर यात्रियों को दी जाएगी राहत

**कोरबा (आरएनएस)।** भारत सरकार के रेल मंत्रालय की यात्री सुविधा समिति की सदस्य विभाश्वनी अवस्थी ने कोरबा का दौरा करने के साथ कई चीजों को जाना। उन्होंने नागरिकों को हो रही परेशानी को समझने के साथ उच्चाधिकारियों से चर्चा की। कहा गया कि अविलंब सभी तरह की अवुविधा हटाने के साथ जनता को राहत देने का काम किया जाए। रेल संघर्ष समिति कोरबा के जनप्रतिनिधि रामकिशन अग्रवाल, मनोज अग्रवाल,अंकित सावलानी समेत गई लोगों की मुलाकात विभाश्वनी अवस्थी से हुई जिस पर यात्री गाडियों को लेकर के काफी गंभीरता से चर्चा हुई अवस्थी जी ने दक्षिण पूर्ण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक विजय कुमार साहू को फोन लगाकर तत्काल यात्री सुविधाओं को बहाल करने एवं रेल में आ रही असुविधाओं को तत्काल प्रभाव से हटाने के लिए जीएम को कहा है साथ ही 10 दिन के भीतर बिलासपुर में अस्वथी जी के नेतृत्व में जीएम एवं डीआरएम से रेल संघर्ष समिति के पदाधिकारी के साथ बैठक की जाएगी कई यात्री गाडियों के प्रस्ताव लंबित अरसा गुजरने के बाद भी कोरबा-राउरकेला, कोरबा-दिल्ली और कोरबा-बीकानेर के लिए एक्सप्रेस गाड़ी चलाने से संबंधित प्रस्ताव लंबित है। इन पर पत्राचार हुआ और कार्रवाई की बात की गई लेकिन नतीजे नहीं आए। रींवा और इंदौर एक्सप्रेस को कोरबा से चलाने की मांग पर भी केवल आश्वासन प्राप्त हुए हैं लेकिन नतीजे जस के तस हैं। इस बारे में रेलवे के उच्चाधिकारियों को कई चीजें बताई जा चुकी हैं जिसमें कहा गया है कि बिलासपुर में अनावश्यक खड़े रहने वाली गाडियों को कोरबा से चलाने में कोई समस्या नहीं है इससे रेलवे को अधिक राजस्व प्राप्त होगा।

### जहर सेवन कर किसान ने की खुदकुशी

**कोरबा (आरएनएस)।** चिर्रा गांव में रहने वाले एक किसान ने जहर का सेवन कर खुदकुशी कर ली। मृतक क नाम चरण सिंह राठिया है,जिसने किन कारणों से यह आत्मघाती कदम उठाया। इस बात का पता नहीं चल सका है। पांच अप्रेल को चरण सिंह ने जहर का सेवन किया था, मामले की जानकारी होने पर परिजनों ने उसे धर्मजयगढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था,वहां करीब चार घंटे तक उपचार चलने के बाद चिकित्सकों ने चरण को रायगढ़ ले जाने की सलाह दी लेकिन दूरी अधिक होने के कारण चरण को परिचन कोरबा के जिला अस्पताल ले आए,बावजूद इसके उसकी जान नहीं बच सकी। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना कंगाले ने चल संगी मतदान कर आबे गाने का लोकार्पण

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदाता जागरूकता के चल संगी मतदान कर आबे का लोकार्पण किया। यह गौरला-पेंड्रा-मरवाही की शिक्षक मीनाक्षी केशरवानी द्वारा रचित है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने अधिकारियों, कर्मचारियों समेत उपस्थित नागरिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नीलेश क्षीरसागर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप उपस्थित थे।

# मनोकामना के दीपों से जगमगाए मां शेरावाली के दरबार
# वासंती नवरात्र पर्व पर मंदिर में दर्शनार्थी श्रद्धालुओं की लगी कतार

**कोरबा** । आरएनएस






चैत्र प्रतिपदा के साथ ही हिंदू नववर्ष की शुरूवात मंगलवार को हो गई। शहर के प्रमुख सर्वमंगला मंदिर सहित जिले भर के विभिन्न देवी मंदिरों में घट स्थापना के साथ मनोकामना दीप प्रज्वलित किए गए। पहले दिन से ही आस्थावान श्रद्धालुओं कतार मंदिरों में लगी रही। मंदिरों ज्योतिकलश की रोशनी साथ वातावरण नवरात्र का उत्साह उमड़ पड़ा है। वासंती शक्ति पूजा चैत्र नवरात्र शुरू होने के साथ पूरा शहर गांव शक्ति की भक्ति में लीन हो गया है।

नवरात्र पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में अपार उल्लास देखा जा रहा है। हिंदू नववर्ष की शुरूआत के अवसर पर लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। नवरात्र पर्व को लेकर मंगलवार को मंदिरों में दीप ज्योति प्रज्वलित की गई। सर्वमंगला मंदिर में शुभ मुहुर्त में दीप प्रज्वलित करने की भक्तों में उत्साह रही है। सुबह से ही दर्शनार्थी भक्तों की मंदिर में कतार लग गई थी। ज्योति कलश प्रज्वलित करने के पूर्व विधि विधान से मंत्रोच्चार के बीच पूजा की गई जिसमें खासी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ज्योति कलश के साथ जवारा कलश की स्थापना की गई। ज्योति कलश से जगमग देवी मंदिरों में नवरात्र पूर्ण होने से तक श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी। सर्वमंगला मंदिर की तरह भवानी मंदिर में में भी भक्तों ने देवी पूजा उपरांत मनोकामना दीप प्रज्वलित किया। देर शाम तक ज्योति कलश प्रज्वलित करने का क्रम जारी रहा। शाम को आयोजित मंगल आरती खासी संख्या में भक्तों की भीड़ देखी गई। शहर के कोसाबाड़ी स्थित शाकंभरी दरबार सिद्ध हनुमान मंदिर में भी आस्था के दीप प्रज्वलित किया गया। सुबह से शाम तक दर्शनार्थी भक्तों का तांता लगा रहा। नहर किनारे वैष्णव देवी दरबार मंदिर में श्रद्धालुओं की सुबह भीड़ लगी रही। मंदिर में निर्मित गुफा से प्रवेश कर मंदिर पहुंच कर भक्तों ने वैष्णवदेवी का दर्शन किया। शहरी क्षेत्र के मंदिरों के अलावा पर्वतीय क्षेत्रों के मंदिरों में भी देवी आस्था की ज्योति दर्शन के लिए भक्त पहुंचने लगे है। वनांचल क्षेत्रों पोड़ी उपरोड़ा के मातिन दाई व राज ग्वालिन मंदिर में भक्तिभाव से जवारा कलश की स्थापना की गई। बांगो दाई मंदिर में सुबह से ही भक्तों की कतार मंदिर में शुरू हो गई थी। ग्रामीण क्षेत्रों के देवी चैरा में नवरात्र पर्व का उत्साह देखते ही बन रहा। रंग- रोगन चैरे में जवारा कलश स्थापित की गई। पारंपरिक जसगीत गायन का दौर शुरू हो गया है। शहर के अलावा उपनगरीय क्षेत्र कटघोरा, बांकीमोंगरा, दर्री, पाली, चैतमा, जमनीपाली, बालको, पसान, तुमान, करतला के देवी मंदिरों में दीप प्रज्वलित किया गया।

मान्यता के अनुसार देवी दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। नौ दिन तक चलने वाली वासंती नवरात्र में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा कर भक्त माता को प्रसन्न करते हैं। मां दुर्गा के नौ अवतार- मां शैलपुत्री, मां ब्रह्मचारिणी, मां चंद्रघंटा, मां कूष्मांडा, मां स्कंदमाता, मां कात्यायनी, मां कालरात्रि, मां सिद्धिदात्री और मां महागौरी हैं। पहले दिन देवी के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा की गई। माना जाता है कि मां दुर्गा ने ये नौ स्वरूप अलग-अलग उद्देश्यों की पूर्ति के लिए धारण किए थे। मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा के दौरान नवदुर्गा के बीज मंत्रों का जाप करना भक्तों के लिए कल्याणकारी सिद्ध होता है।

## रायपुर के मतदाताओं को जागरूक करने निकाली गई बाइक रैली, स्वीप एक्सप्रेस

- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने दिखाई हरी झंडी, किया रैली का नेतृत्व
- हेलमेट पहन कंगाले ई-स्कूटर और कलेक्टर डॉ. सिंह ने बुलेट पर सवार होकर रैली में शामिल और, मतदान करने की अपील
- महिला-पुरूष छत्तीसगढ़ी परिधान में, हेलमेट में लगे थे मतदाता जागरुकता के स्टीकर

**रायपुर** । आरएनएस

लोकसभा चुनाव 2024 के परिप्रेक्ष्य में आज रायपुर जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आज दोपहर को बाइक रैली का आयोजन किया गया। जिसे छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने हरी झण्डी दिखाई। इसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह, अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेश क्षीरसागर एसएसपी संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप शामिल हुए। साथ ही स्वीप एक्सप्रेस भी निकाली गई जिसका फीता काटकर कंगाले ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि रायपुर जिला प्रशासन द्वारा जो बाइक रैली के माध्यम से मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने की जो अपील की जा रही है, वह सराहनीय हैं। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि ऐसी रैली का और इस समय आयोजन करने का उद्देश्य अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करना हैं। 07 मई को रायपुर लोकसभा मतदान का दिन है। इस दिन सभी मतदाता अपने घरों से निकले और धूप, गर्मी की परवाह ना करते हुए बूथों में जाकर मतदान करें। यह दिन पांच साल में एक बार आता है। अपने मताधिकार का अवश्य उपयोग करें।

बाइक रैली कलेक्ट्रेट परिसर से आकाशवाणी चौक होते हुए व्हाइट हाउस, श्याम टॉकीज, लिली चौक, पुरानी बस्ती विवेकानन्द आश्रम, एनआईटी कैम्पस, नालन्दा परिसर में समाप्त हुई। रैली का नेतृत्व रीना बाबा साहेब कंगाले तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने किया। कंगाले स्वंय हेलमेट पहने हुए ई-स्कूटर आई क्यूब पर सवार थी, जिसमें चुनाव का पर्व, देश का पर्व की तख्ती लगी हुई थी। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह हेलमेट पहने हुए बुलेट पर सवार थे उनके पीछे नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा बैठे थे। नालंदा परिसर में समाप्त होने के पश्चात् छोटा कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें एआईजी संजय शर्मा और उनकी टीम के द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित जुम्बा प्रस्तुत किया गया। साथ ही तेजराम साहू ने लोक नृत्य प्रस्तुत करते हुए मतदाताओं से वोट डालने की अपील की। इस अवसर पर कंगाले ने मतदान करने की शपथ दिलायी। इस अवसर पर जुम्बा एवं लोक कलापथक दल के कलाकारों को स्वामी विवेकानंद के विचारों पर आधारित पुस्तकें भेंट की गई।

गौरतलब है कि स्वीप एक्सप्रेस के चारो तरफ मतदाता जागरूकता से जुड़े पोस्टर और फोटोग्राफ्स लगे हुए थे, इसमें लोक कलाकार सवार थे।

## सड़क किनारे मिली युवक की लहुलुहान लाश,हत्यारे की तलाश

**रायपुर** । आरएनएस

राजधानी रायपुर के उरला थानाक्षेत्र में एक युवक की लहुलुहान लाश मिली है। युवक के सिर एवं चेहर पर गंभीर चोट के निशान मिली है साथ ही पास में बीयर की टूटी हुई बोतलें मिली है। पुलिस हत्या का मामला मानकर जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार के अनुसार बुधवार सुबह रायपुर के उरला थानक्षेत्र में सडक़ किनारे एक युवक की लाश देखकर आसपास के लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची उरला पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक की पहचान विजय यादव पिता रामाशंकर यादव उम्र 18 वर्ष के रूप में हुई है। युवक के सिर व चेहरे पर गंभीर चोट के निशान मिले है तथा पास मे ही बीयर की टूटी हुई बोतलें पड़ी मिली है। पुलिस को आशंका है कि मृतक के सिर पर बीयर की बोतल मारकर उसकी हत्या की गई। बताया जाता है कि मृतक सरोरा स्थित बारदाना बनाने वाली फैक्ट्री में काम करता था। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि विजय मंगलवार रात घर से खाना खाकर टहलने के लिए निकला था जो वापस नही लौटा। और अगले दिन उसकी लाश मिली। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, 35 बाईक बरामद

**कोंडागांव (आरएनएस)।** जिला पुलिस ने मोटरसायकल चोरी करने वाले तीन शातिर चोरो को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से 35 नग चोरी की मोटरसायकल बरामद किया है। तीनो आरोपी उडिसा के है जो उडिसा से लगे छत्तीसगढ़ सीमा क्षेत्र में आकर सूने मकान व साप्ताहिक बाजार से बाईक चोरी करते थे तथा उडिसा ले जाकर बेच देते थे। बता दें कि जिला कोण्डागांव अन्तर्गत होने वाले चोरी को रोकने एवं पूर्व में हुए चोरी के आरोपियों को पकडऩे के लिए कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार द्वारा निर्देश दिये गये थे। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव रूपेश कुमार डाण्डे के मार्गदर्शन में सायबर सेल एवं थाना विश्रामपुरी की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई। जिला कोण्डागांव में हुए चोरी के आरोपियों को पकडऩे हेतु लगातार कोण्डागांव पुलिस द्वारा प्रयास किया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बाइक चोर गिरोह के सदस्य छत्तीसगढ़ से बाईक चोरी करके ओडिसा में बेच रहे है। सूचना के आधार पर तुलसी राम साहू पिता लक्ष्मीनाथ साहू उम्र 55 वर्ष निवासी कुंदई नवापारा जिला नवरंगपुर उड़ीसा एवं सुखनाथ मरकाम पिता जयराम मरकाम उम्र 32 वर्ष कुंदई नवापारा थाना कुंदई जिला नवरंगपुर उड़ीसा एवं एक अन्य आरोपी को थाना विश्रामपुरी एवं सायबर सेल कोण्डागांव की टीम द्वारा उड़ीसा के कुदंई में 3 दिनों तक कैम्प कर घेराबंदी कर पकड़ा गया।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बैंक अधिकारियों का बैठक संपन्न

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू ने जिले के सभी बैंक अधिकारियों के साथ कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक लिया। बैठक में मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी ने बताया कि 12 अप्रैल से लोकसभा चुनाव का नामांकन शुरू किया जाएगा। इस दौरान अभ्यर्थी का चुनाव का व्यय के रिकार्ड के लिए नया खाता खोलना है, जिसमें उसका अकेला व्यक्ति का खाता होना चाहिए। संयुक्त खाता नहीं होना चाहिए। बैंक अधिकारियों को किसी संदिग्ध खाता से किसी व्यक्ति या असंख्य खाता में राशि हस्तांतरण होता है तो संबंधित बैंक अधिकारी इसकी जानकारी व्यय अधिकारी और जिला निर्वाचन कार्यालय को अवगत कराएंगे।

लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी निर्वाचन व्यय के किसी भी मद में किसी भी व्यक्ति या इकाई को दस हजार रूपये से अधिक का भुगतान नकद में नहीं कर सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार उम्मीदवार को अपने निर्वाचन व्यय के किसी मद पर दस हजार से अधिक की राशि का भुगतान रेखांकित या एकाउंट पेई चेक, ड्राफ्ट अथवा आरटीजीएस या एनईएफटी के माध्यम से ही करना होगा। उम्मीदवारों अथवा राजनैतिक दलों द्वारा दस हजार रूपये से अधिक की राशि नगद के रूप में न तो खर्च की जा सकती है और न ही किसी से चंदे के रूप में ली जा सकती है। निर्वाचन आयोग के मुताबिक निर्वाचन व्यय के रूप में दस हजार रूपये तक राशि का भुगतान भी उम्मीदवारों द्वारा निर्वाचन व्यय के प्रयोजन से पृथक से खोले गये बैंक खाते से आहरित कर ही किया जा सकेगा। बैठक में जिला कोषालय अधिकारी चंद्रपाल सिंह ठाकुर, निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना उपस्थित थे।

## बाल विवाह पर रोक लगाने महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम सक्रिय

- 112 एवं 1098 पर भी दी जा सकेगी बाल विवाह की सूचना

**कोरबा** । आरएनएस

17 अप्रैल को रामनवमी तथा 10 मई को अक्षय तृतीया पर्व आ रहा है। इस पर्व पर बाल विवाह की घटनाओं की समय पर रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप रोक लगाया जाना है। बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा के साथ ही साथ कानूनन अपराध है। 18 वर्ष के पूर्व लडकी तथा 21 वर्ष के पूर्व लडके का विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है। ग्रामीण क्षेत्रों में बहुतायत से जनजाति व विशेष पिछडी जनजाति पण्डों, बिरहोर, पहाडी कोरवा आदि निवास करते है। शिक्षा के अभाव में बाल विवाह के दुष्परिणाम यथा कुपोषण, कम वजन के शिशु पैदा होने, महिलाओं में एनिमिया आदि की शिकार होने की संभावना होती है। बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण हेतु प्रत्येक ग्रामों में ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति गठित है। जिसके सरपंच अध्यक्ष तथा ग्राम सचिव (सदस्य सचिव), आंगनबाडी कार्यकर्ता, मितानिन व अन्य गणमान्य नागरिक, जन प्रतिनिधि आदि सदस्य है। उक्त समिति के सदस्यों व गणमान्य नागरिकों द्वारा रामनवमी तथा अक्षय तृतीया या अन्य अवसरों पर होने वाले बाल विवाह को प्रभावी तरीके से समय पर रोकथाम व बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण को सुनिश्चित किया जा सकता है। साथ ही जिले में बाल विवाह कराये जाने की सूचना प्राप्त हो तो उसकी सूचना अविलंब पर्यवेक्षक, बाल विकास परियोजना अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, थाना प्रभारी/चैकी प्रभारी, 112 आपातकालीन नम्बर अथवा चाइल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098 पर सूचना दी जा सकती है।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सभी गणमान्य नागरिकों, समाज प्रमुखों, धार्मिक व वैवाहिक अनुष्ठान को संपन्न कराने वाले धार्मिक सेवा प्रदाता टेंट हाउस, डीजे बैंडबाजा, प्रिंटिंग प्रेस संचालकों तथा जन प्रतिनिधियों से अपील की गई है कि, बिना आयु प्रमाण पत्र के वैवाहिक कार्यक्रम में सेवाएं प्रदान न करें। बाल विवाह पर प्रभावी रोक के लिए सभी अपना सहयोग प्रदान करें, जिससे जिले में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त किया जा सके और जिलें में बच्चों के देखरख एवं संरक्षण को सुनिश्चित किया जा सके।

## 70 गांव के हजारों ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार करने का लिया निर्णय

**गरियाबंद** । आरएनएस

आजादी के 77वें साल बीत जाने के बाद भी सुदूर वनांचल क्षेत्रो में ग्रामीणों को बिजली पानी शिक्षा स्वास्थ्य आवागमन पुल पुलिया के लिए तरसना पड़े इससे बड़ा दुर्भाग्य लोकतांत्रिक देश में क्या हो सकता है।

ऐसा भी नहीं है कि क्षेत्र वासियों के द्वारा बुनियादी मांगों को लेकर चुपचाप बैठा हो शासन प्रशासन को कई दफे मूलभूत बुनियादी माँग को लेकर रैली प्रदर्शन धरना जनसुनवाई सभा पत्राचार भी किया गया लेकिन इस दिशा में कोई भी सरकार गंभीर होकर वनांचल क्षेत्र के रह वासियों के लिए चिंता नही किया इसलिए आज भी बिना मास्टर के स्कूल बिना डॉक्टर के अस्पताल चलने के लिए पगडंडी रास्ते अंधेरों में जिंदगी पुल पुलिया के अभाव में कैसे कटती होगी ऐसे इलाकों की जिंदगी समझा जा सकता है।अपने प्रमुख मांगों को लेकर एक बार फिर सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों ने मुखर होकर अपनी आवाज बुलंद करते हुए चुनाव बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है।

जिला मुख्यालय गरियाबंद के विकासखंड मैनपुर के सुदूर वनांचल राजापड़ाव क्षेत्र एवं साहेबिनकछार इलाके के ग्रामीणों ने आज कोकडी मे आयोजित किसान संघर्ष समिति के बैठक मे 70 गांव के लोगों ने अस्पाल पुल पुलिया बिजली नहीं तो वोट नही कहते हुए क्षेत्र मे लोकसभा चुनाव 2024 का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया।इस संबंध में किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष दैनिक राम मंडावी ने बताया कि विकास के नाम से क्षेत्र कोसों दूर है।आज भी मूलभूत सुविधाओं से क्षेत्र वासियों को वंचित होना पड़ रहा है शिक्षा स्वास्थ्य आवागमन पुल पुलिया का हमेशा अभाव व अंधेरों में लोगों की जिंदगी कट रही है।सरकार कहती है अंतिम पंक्ति में खड़े हुए लोगों का प्राथमिकता के साथ विकास करेंगे लेकिन ऐसा क्षेत्र में नहीं दिखता इसलिए किसान संघर्ष समिति राजापड़ाव क्षेत्र के द्वारा इस बार चुनाव बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है जिसका सभी को परिपालन किया जाना है। साहबिन कछार ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच रूप सिंह मरकाम ने शासन प्रशासन को विकास के नाम से सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया।

किसान संघर्ष समिति के बैठक को सरपंच कोकड़ी सखाराम मरकाम,सरपंच अडगड़ी कृष्ण कुमार नेताम, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि अड़ग़डी पुनीत राम ध्रुव,पूर्व सरपंच कोचेंगा दिनाचंद मरकाम,सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत गौरगांव चिमन नेताम ने भी संबोधित किया गया। किसान संघर्ष समिति के बैठक में लिया गया अहं निर्णय।

पार्टीगत चुनाव प्रचार गाड़ी क्षेत्र में आने से उसके साथ नहीं देते हुए उसके बैनर पोस्टर प्रचार सामग्रियों का उपयोग नहीं किया जाना।चुनाव प्रचार गाडिय़ों के साथ में क्षेत्र के लोगों को नहीं जाना है।क्षेत्र के गांव हर पारा टोला गांव के झाँकर पटेल मुखियाओं के द्वारा आज तक के क्षेत्र के मूलभूत समस्याओं का समाधान सरकार के द्वारा नहीं किया गया है इसलिए हमें चुनाव में वोट नहीं देना है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU